Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

**Panna Tiger Reserve**

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

**E-mail:** dirpannaNP@mpforest.org **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

<u>प्रेस नोट</u>

# टाइगर वाच प्रोग्राम के तहत रूस की टीम पन्ना टाइगर रिजर्व अध्ययन प्रवास पर पहुंची

इण्टरनेशनल फण्ड फार एनीमल वेलफेयर, वाइल्डलाइफ ट्रस्ट आफ इण्डिया एवं ''ग्लोबल टाइगर फोरम'' की ओर से **''टाइगर वाच प्रोग्राम''** के तहत पन्ना टाइगर रिजर्व में 02 सदस्यीय रूस का दल अध्ययन प्रवास पर दिनांक 03.03.2015 से 06.03.2015 के बीच रहेगा। इस दल में **श्री इवान खोब्त्नेव** (रुसियन इन्सपेक्टर), **श्री सर्जेइ रोज्ल्वेट** (रुसियन इन्सपेक्टर), **डा0 अनिरुद्ध मजुमदार, टेक्निकल आफीसर, ''ग्लोबल टाइगर फोरम''** एवं मि0 संजीव झा, रुसियन इंटरप्रेटर शामिल हैं। यह टीम पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापना से सम्बन्धित समस्त बिन्दुओं का समग्र अध्ययन करेगी। पहले दिन उन्हें क्षेत्र संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व के द्वारा पन्ना बाघ पुनर्स्थापना योजना के बारे में सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण के साथ–साथ दिनांक 04 एवं 05.03.2015 को मौके पर बाघ पुनर्स्थापना से सम्बन्धित समस्त पहलुओं से अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी रूस का 04 सदस्यीय दल पन्ना टाइगर रिजर्व के प्रवास पर आया था जो यहां के कार्यक्रम से प्रभावित हो कर यहां दोबारा पहुंचा है। इस प्रकार पन्ना टाइगर रिजर्व राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बाघ पुनर्स्थापना का एक अध्ययन केन्द्र बन गया है, जो पन्ना के लिए एक गौरव की बात है।

**''जय हिन्द''**

दिनांक – 05.03.2015

for **क्षेत्र संचालक**
**पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना**

E:\Steno 1\Press Note\Press Note\Press Note-06.03.2015.doc